हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026



## न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने फिर मिली धमकी, जांच में जुटी रही टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### महीनेभर के भीतर दूसरी बार ई-मेल के जरिये दी धमकी, आरोपी की पहचान करने में पुलिस नाकाम



जिला न्यायालय में एक बार फिर बम लगाए जाने को लेकर एक ई-मेल आने के बाद यहां हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे बम निरोधी दस्ते ने न्यायालय परिसर के भीतर और बाहर घंटों बम की तलाश की, लेकिन यहां कोई बम नहीं मिला। आज जिला न्यायालय परिसर को आरडीएक्स के माध्यम से विस्फोट करके उड़ाए जाने को लेकर अज्ञात व्यक्ति के जरिये भेजा गया ई-मेल प्राप्त हुआ। न्यायालय परिसर में बम लगाए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई है और बम डिफ्यूज स्कर्ट को तत्काल मौके पर भेजा गया।

बम निरोधी दस्ते ने मेटल डिटेक्टर और डॉग स्कर्ट की मदद से न्यायालय परिसर के चारों तरफ बम की तलाश शुरू कर दी। ई-मेल के जरिये यह धमकी मिलने के चलते पुलिस टीम ने परिसर के सभी इलाकों में अपनी टीम के सहारे जांच की है। बताया गया कि इससे पहले जो धमकी मिली थी, इस बार भी उसी पैटर्न पर धमकी दी गई है। बताया गया कि पुलिस टीम की घंटों चली जांच के बाद न्यायालय परिसर में सामान्य रूप से कामकाज शुरू हो पाया। हालांकि आरोपी की तलाश अब भी जारी है।



#### जांच में नहीं मिला बम

बम निरोधी दस्ते ने न्यायालय परिसर के भीतर विभिन्न कमरों में मेटल डिटेक्टर के माध्यम से बम की तलाश की। इस दौरान कमरे के भीतर मौजूद लोगों को बाहर निकाला गया और बारीकी से जांच की गई। उक्त टीम द्वारा न्यायालय परिसर के गेट से लेकर वाहन स्टैंड और आसपास भी बम तलाशा गया, लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी न्यायालय में कोई बम नहीं मिला।

#### 20 दिन बाद आया ई-मेल

बीते 8 जनवरी को भी जिला न्यायालय में बम लगाए जाने की सूचना इसी तरह ई-मेल के माध्यम से दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा दिया था। यहां तक आम लोगों के साथ अधिवक्ता और जजों को भी सुरक्षित निकाला गया था, लेकिन इस बार सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा परिसर खाली कराए बिना ही कड़ाई से जांच पड़ताल की गई।

#### तलाश जारी

जिला न्यायालय में बम लगाए जाने के संबंध में अज्ञात आरोपी द्वारा मेल किया गया था। बीडीएस टीम को भेजकर जांच कराई गई। जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। अज्ञात मेल को लेकर साइबर सेल के माध्यम से पतासाजी की जा रही है।

- कीर्तन राठौर, एडिशनल एसपी

---

एसआईआर के बाद चुनाव की तैयारी शुरू, जिले से मंगाई जानकारी

## घुमका नपं सहित एक जनपद, काकरेल सरपंच सहित 17 पंच के उपचुनाव भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

पिछले नवंबर महीने से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत अभी अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होना बाकी है। इससे पहले ही प्रदेश में स्थानीय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। बताया गया कि एसआईआर की प्रक्रिया समाप्त होते ही उपचुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिले में नवगठित घुमका नगर पंचायत में जहां पहली बार आम चुनाव कराए जाएंगे। वहीं डोंगरगांव जनपद के मचानपार, काकरेल में सरपंच सहित 17 वार्ड में पंच चुनने के लिए उपचुनाव की प्रक्रिया भी इसके साथ ही की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय निवार्चन शाखा से प्रदेश निर्वाचन विभाग द्वारा उपचुनाव को लेकर पहले ही जानकारी मंगाई जा चुकी है। वहीं स्थानीय निर्वाचन को यह भी बता दिया गया है कि एसआईआर की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद इन चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी जाएगी। यही कारण है कि जिले में भी स्थानीय निवार्चन शाखा अपनी तरफ से पूरी तैयारियां करने में जुट गया है। एसआईआर के तहत 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के साथ ही तैयारियां तेज कर दी जाएगी। बताया गया कि उपचुनाव के लिए रिक्त पदों की क्षेत्र सहित जानकारी भेजी जा चुकी है।




#### इन पदों को लेकर उपचुनाव

स्थानीय निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जिले में आगामी दिनों कुल 19 पदों के लिए उपचुनाव कराए जाने हैं। इनमें डोंगरगांव जनपद का क्षेत्र क्रमांक पांच मचानपार शामिल है। इसके अलावा राजनांदगांव ब्लॉक के सोमनी समीप स्थित काकरेल में सरपंच पद को लेकर उपचुनाव होना है। इसके अलावा जिलेभर में 17 पंच के पद भी उपचुनाव के लिए शामिल है। बताया गया कि इन सभी में एक साथ उपचुनाव कराया जाएगा।

#### पहली बार नपं का चुनाव

उल्लेखनीय है कि करीबन डेढ़ साल पहले ही जिले के घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया था। जिसके बाद एक दफा चुनाव की घोषणा भी कर दी गई थी, लेकिन कुछ कारणवश चुनाव नहीं हो पाया था। ऐसे में अब एसआईआर की प्रक्रिया के बाद घुमका में नगर पंचायत का पहला चुनाव कराया जाएगा। घुमका के सभी 15 वार्ड में नए मतदाता सूची के अनुसार मतदान कराया जाएगा।

---

## फर्नीचर चढ़ाने गए मजदूरों पर गिरा छज्जा, एक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के स्टेशनपारा क्षेत्र में एक मकान के दूसरी मंजिल में फर्नीचर को रस्सी के सहारे चढ़ाया जा रहा था। इस दौरान मकान के पोर्च का छज्जा गिरने से उसकी चपेट में मजदूर आ गए। जिससे एक की मौत हो गई। वहीं तीन मजदूरों को चोंटे आई है, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में स्थित निरंकारी फर्नीचर से फर्नीचर का सामान पलंग को छोड़ने के लिए चार लोग स्टेशनपारा चौक स्थित एक मकान में गए हुए थे। बताया गया कि शाम के समय नए व पुराने पलंग को रस्सी के सहारे दूसरे मंजिल में चढाने का मजदूर प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान घर के पोर्च का छज्जा गिर गया। जिससे इसकी चपेट में फर्नीचर चढ़ा रहे मजदूर आ गए। इस घटना से हडकंप मच गया था। पुलिस के अनुसार इस घटना में चार लोगों को चोंटे आई , जिन्हें एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया।

#### तीन घायल, इलाज जारी

बताया गया इस घटना में घायल चार मजदूरों में से उपचार के दौरान एक मजदूर जिसका नाम तेजराम साहू उम्र लगभग 30 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन लोगों को घायल अवस्था में बसंतपुर चिकित्सालय उपचार हेतु भेजा गया है। इधर घटना की सूचना मिलने पर चौकी चिखली पुलिस ने मर्ग कायम की है।

#### मौके पर जुटी लोगों की भीड़

शहर के स्टेशनपारा में घटित हुई इस घटना में मजदूरों के उपर छज्जा गिरने के बाद कुछ मिनटो के भीतर ही आसपास के लोगों की भीड़ घटना स्थल पहुंच गई थी। तत्काल सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची।

---

## फैक्ट्री में लगी आग बुझाने घंटों मशक्कत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुद्धुभरदा में स्थित एक रिफायनरी फैक्ट्री में आग लगने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम द्वारा आग बुझाने के लिए घंटों मशक्कत की गई। घटना में भूसा कचरा इत्यादि जलने की खबर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बुद्धुभरदा के पास स्थित एक रिफायनरी फैक्ट्री में बुधवार दोपहर अचानक आग लगने व धुंआ का गुबार उठने लगा। जिससे आसपास इलाके में हड़कंप व सनसनी फैल गई था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर शहर की फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग बुझाने के लिए घंटों मशक्कत की। बताया गया कि देर शाम तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।

#### मौके पर डटी रही फायर बिग्रेड की टीम

बताया गया फैक्ट्री के जिस क्षेत्र में आग लगी है, वहां भूसा एवं प्लास्टिक के बारदाना रखे हुए है, जो आग की चपेट में आ गए। देर शाम तक फायर बिग्रेड की टीम आग पर काबू पाने के लिए प्रयासरत रही। उक्त घटना से काफी नुकसान हुआ है।

---

## बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर चल रही रेत से भरी वाहने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रेत तस्करी का कारोबार काफी फल-फूल रहा है। इसमें संलिप्त लोग शासन-प्रशासन को राजस्व का चूना लगाकर लाखों-करोड़ों कमा रहे हैं। वहीं रेत तस्करी में लगे वाहनों की रॉयल्टी चेक करने वाला भी कोई नहीं होता है। रेत के कारोबार में लगी अधिकांश डंफर वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट भी गायब है। ऐसे वाहनों में जानबूझकर नंबर प्लेट नहीं लगाया गया है। नंबर केवल वाहन पर सीधे पेंट के जरिये लिख दिया गया है। इस नंबर पर भी आधे में मिट्टी पोत दी जाती है, ताकि नंबर से वाहन की पहचान ना हो सके। नियमानुसार सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना अनिवार्य है, लेकिन रेत कारोबार में लगी लगभग सभी वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं है।



#### रेत निकालने नदी में रैम्प

रेत तस्करों द्वारा नदी के बीच रैंप बनाकर पानी में मशीन लगाकर रेत निकाली जा रही है। डंफर वाहन में रेत से पानी का रिसाव होना इस बात का प्रमाण है कि नदी के बीच पानी से रेत निकाली जा रही। रेत निकालने के लिए तस्करों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मशीनों के चलते नदी में कटाव भी हो रहा है।

#### बड़े पैमाने पर रेत तस्करी

प्रदेश में बड़े पैमाने पर महानदी और शिवनाथ नदी से रेत की तस्करी होती है। राजनांदगांव सहित बालोद, धमतरी क्षेत्र से भी रेत की शहर में तस्करी की जा रही है। शहर में ही प्रतिदिन 60 से अधिक रेत की डंफर वाहन शहर के बीच से होकर गुजरती है। खासकर रात 11 से सुबह 9 बजे तक सोमनी क्षेत्र की ओर से इन वाहनों को आते हुए देखा जा सकता है।

#### 18 हजार रुपए डंफर में बिक रही रेत

रेत तस्करों द्वारा नदी से रेत निकालकर आसपास के क्षेत्र में डंप भी किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर रेत लाने के बाद इस रेत को दो चक्का ट्रैक्टर ट्राली में 3200 रुपए और डंफर वाहन में 1800 हजार रुपए में 600 फिट रेत बताकर बेचा जा रहा है।

---

### जिले में अब तक 60 लाख क्विंटल ही खरीदी हुई

## धान बेचने वाले किसान बढ़े फिर भी तस्करी पर शिकंजे से कम होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले सहित प्रदेशभर में विगत 15 नवंबर से शुरु हुई धान की सरकारी खरीदी समाप्त होने में अब महज तीन दिन का समय शेष रह गया है। भले ही सरकारी आंकड़ो के अनुसार 31 जनवरी तक खरीदी होनी है, लेकिन 31 जनवरी को शनिवार होने के चलते उस दिन उपार्जन केंद्र बंद रहेंगे।

इस तरह अगले तीन दिन में ही जो किसान अपनी उपज लेकर केंद्र पहुंचेंगे उनसे खरीदी की जाएगी। बताया गया कि अगले तीन दिन के लिए लगभग सात हजार किसानों को टोकन जारी किया जा चुका है। ऐसे में टोकन लेने वाले सभी किसान धान बेचने पहुंचे तो पिछले साल के मुकाबले इस बार धान बेचने वाले किसानों की संख्या में इजाफा देखने को मिल सकता है। हालांकि इसके बावजूद खरीदी की मात्रा पिछले साल से पीछे ही रहने की संभावना है। अब तक जिले में 60 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है और पिछले रिकार्ड तोड़ने के लिए तीन दिन में दस लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी करना होगा, जो असंभव नजर आ रहा है।

- शनिवार के चलते 30 जनवरी तक ही किसानों को जारी किया टोकन



#### जिलेवार खरीदी का आंकड़ा

राजनांदगांव जिले में अब तक 120530 किसानों से 60.5 लाख क्विंटल खरीदी की गई है। जबकि पिछले साल अंतिम अवधि तक 125611 किसानों से 70.14 लाख क्विंटल खरीदी की गई थी। केसीजी जिले में 64900 किसानों से 36.72 लाख क्विंटल और एमएमसी जिले में 38984 किसानों से 19.50 लाख क्विंटल खरीदी की गई है।



## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में न्योता भोज

**खड़गांव।** शनिवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में



प्राचार्य खेमलता दास के पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को खीर, पुलाव तथा टमाटर की चटनी परोसी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमलता दास ने मौजूद रहकर बच्चों को भोजन कराया। इस अवसर पर संकुल के सदस्य ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों के साथ भोज का आनंद लिया।

### लोक कला महोत्सव आयोजित

**चिचोला।** रामपुर में दो दिवसीय लोक कला महोत्सव का आयोजन 25



एवं 26 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। इस दौरान जस झांकी, फाग, रामायण, भरथरी, पंडवानी की प्रस्तुति हुई। सरपंच कन्हैया साहू एवं मनोज साहू ने बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ी के परंपरागत गीत संगीत को बरकरार रखने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए।

### जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**पटेवा।** ग्राम में देवांगन समाज ने गत दिनों मां परमेश्वरी महोत्सव का



आयोजन किया। इस मौके पर सामाजिकजनों ने पूजा अर्चना शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। शीतला प्रांगण से परमेश्वरी महिला मंडल के सदस्य अपने अपने घर कलश सजा का लाए थे। कलश सजावट में प्रथम योगिता देवांगन, द्वितीय रिंकी देवांगन एवं तृतीय रीना देवांगन रही। इसी प्रकार कुर्सी दौड़ में प्रथम देवकिरण देवांगन, द्वितीय रिंकी देवांगन एवं तृतीय स्थान गुनिता देवांगन ने हासिल किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। अंत में सामुहिक पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

### राष्ट्रीय सेविका समिति ने मनाया मकर संक्रांति

**डोंगरगढ़।** राष्ट्र सेविका समिति ने स्थानीय यादव भवन वार्ड 20 में मकर



संक्रांति उत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि किरण दम्माणी एवं मुख्य वक्ता वैशाली देशकर थी। इस मौके पर श्रीमती दम्माणी ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं में वर्णित तीज त्योहारों में शामिल मकर संक्रांति के बारे में बताया। मुख्य वक्ता श्रीमती देशकर ने बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपरा और मान्यताओं के अनुसार चलकर ही हम देश और समाज के कुछ काम आ सके यही हमारी उपलब्धि होगी। जिला संपर्क प्रमुख अनुराधा शर्मा ने अतिथि परिचय दिया।अंत में बबिता ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पश्चात महिलाओं, बच्चों ने तिल लड्डू, मिक्सर के साथ खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

### पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा 30 तक

**डोंगरगढ़।** दिव्यांग महिला पुरूष्ज्ञ के लिए रायपुर में 16 वी राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जनवरी तक इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में रखा गया है। स्पर्धा में विजेताओं को नेशनल लेवल तक खेलने का मौका मिलेगा। यहां जानकारी ऋषि मिश्रा, श्रीयारानी देई ने दी।

### कबड्डी में गोडवाना यूथ क्लब विजेता

**डोंगरगढ़।** कलकसा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



गोंडवाना यूथ क्लब एवं ग्राम वासियों के तत्वावधान में किया गया। स्पर्धा में राजनांदगांव, बिलासपुर, महाराष्ट्र की टीमों ने भाग लिया। गोंडवान यूथ क्लब घोटिया की टीम विजेता रही। द्वितीय रिवागाहन, तृतीय गोंडवाना यूथ क्लब कलकसा, चतुर्थ शिव शक्ति कान्हा महाराष्ट्र की टीम रही। विजेताओं को क्रमशः 7 हजार, 5 हजार, 3 हजार, 2 हजार नगद, मेडल, विनर कफ से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरपंच उमा धुर्वे, अहिल्या कंवर, अनिल सिन्हा, अशोक साहू, नरोत्तम कुंजाम, कचरू हिरवानी, योधनदास साहू, बीएल चंद्रवंशी, अजय वैष्णव, राज धृतलहरे, दयाराम मंडावी, नरोत्तम कुंजाम, पंचम नेताम, मनोज मंडावी, राधेलाल वर्मा, रोहित नेताम, शैलेन्द्र कुंजाम, रमण कुंजाम, अभय ध्रुव, लोकेश मंडावी, हरीश कुंजाम आदि मौजूद थे।

### टीन शेड का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत हरनसिंघी में मंच के पास टीन शेड का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। इस दौरान विधायक ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रीमद भागवत कथा 9 से 15 फरवरी तक

**डोंगरगढ़।** नगर में द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर के निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। यह धार्मिक आयोजन आगामी 9 से 15 फरवरी तक होगा। इसी क्रम में आगामी 13 फरवरी को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयनाधिवास संपन्न होगा। आगामी 15 फरवरी को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा। यह आयोजन महुआ ग्राउंड, डिपरा पारा, एवं डिपरा पारा शिव मंदिर तालाब के पास आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन युवा समिति

## सभी किसानों का पूरा धान खरीदने की मांग

# किसानों के विभिन्न मुद्दे को लेकर सड़क पर आई कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान किसान, मजदूर और आम जनता की परेशानी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने धरना दिया। कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग है।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण किसान खेती छोड़ने मजबूर है। खाद के दामों में वृद्धि कर सरकार ने किसानों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि बिजली दरों में लगातार वृद्धि से होने वाली दिक्कत को देखते हुए 400 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना बहाल करने की मांग की। उन्होंने धान खरीदी को लेकर कहा कि सरकार की लापरवाही और अव्यवस्था के कारण किसान भटकने मजबूर है। सभा को विधायक हर्षिता बघेल, नवाज खान, शहर अध्यक्ष हरीश भंडारी, ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, शिशु पाल, विजयराज सिंह, सुरेश सिन्हा, हीरा सोनी, संध्या देशपांडे, कमलेश वर्मा, नरेंद्र वर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान विनायक राव, रामजी तराने, इंद्रपाल राजा, हैदर सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### घुमका में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**घुमका।** स्थानीय बस स्टैंड में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने धरना देने के बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। करीब चार घंटे चले धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने धान खरीदी में अनियमितता, मनरेगा में परिवर्तन, बिजली दर में बढ़ोतरी को लेकर हल्ला बोला। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि एक-एक दाना खरीदी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार किसानों के धान का भौतिक सत्यापन और रकबा समर्पण करवा रही है। किसानों को अब तक टोकन नहीं मिला है जबकि खरीदी 30 जनवरी तक होना है। तहसीलदार ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए सभी किसानों को टोकन देने एवं धान खरीदी करने की मांग की गई। धरना में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, नवाज खान, जिला अध्यक्ष विपिन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राममूरत वर्मा, रतन यादव, फूलमती, जयकुमार वर्मा, टीकम यद्दु, धन्ना यादव, चंद्रेश वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी आदि शामिल हुए।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी दो दिन और

- किसानों को अब अंतर राशि का इंतजार
- कई केन्द्रों में लिमिट से ज्यादा धान का स्टाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अब केवल दो दिन और होना है। आगामी दो दिन में सभी किसान धान बेच देंगे। जिन किसानों को टोकन नहीं मिला था उन्हें केन्द्र बुलाकर टोकन दिया गया है। कुछ उपार्जन केन्द्रों में 29 जनवरी तक धान खरीदी पूर्ण कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। जिन किसानों को 30 व 31 जनवरी का टोकन मिला था उसमें संशोधन कर एक दिन पहले धान बेचने बुलाया गया है।

जानकारी के अनुसार कुकुरमुड़ा अतरिया, विचारपुर, बुंदेली, संड़ी, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव उपार्जन केन्द्र खरीदी के लक्ष्य के करीब पहुंच गए हैं। अगामी दो दिन में टारगेट पूर्ण होने का अनुमान है। छोटे किसानों ने एक बार तो मध्यम और बड़े किसानों ने दो से तीन बार टोकन लेकर धान बेच दिया है। अब केन्द्रों में चुनिंदा किसान धान बेचने से बचे हैं जो अगामी दो दिन धान बेच देंगे।

### अंतर राशि का इंतजार

समर्थन मूल्य पर धान बेच कर किसान संतुष्ट एवं हर्षित है। उन्हें अब अंतर राशि का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने घोषणा अनुसार 31 सौ रूपए क्विंटल की दर से धान खरीदा है किन्तु वर्तमान में प्रति क्विंटल 2369, 2389 रूपए की दर से भुगतान हुआ है। अंतर की राशि एक मुश्त किसानों के खाते में जमा की जाएगी।

### अब तेजी से परिवहन की उम्मीद

खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव अब तक धीमा है। वर्तमान में केन्द्रों में बफर लिमिट का दो से तीन गुना धान रखा है। धान खरीदी पूर्ण होने के बाद उठाव में तेजी आने की उम्मीद है। अगले सप्ताह थोक में डीओ और टीओ जारी होने की संभावना है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि अब तापमान तेजी से बढ़ने वाला है। ऐसे में धान तेजी से सूखने लगेगा। समय पर धान का उठाव हो जाता है तो सुखत बढ़ने से बच जाएगा।

# युवा और महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर

## राज्य स्तरीय शाकंभरी जयंती महोत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राज्य स्तरीय शाकंभरी महोत्सव का आयोजन कोसरिया मरार समाज ने गत दिनों शहर में किया। शाकंभरी जयंती के मौके पर मंगल कलश यात्रा शिव मंदिर साकेत धाम से निकाला गया जिसमें करीब 200 महिलाएं शामिल हुए। कलश यात्रा मेनरोड से फव्वारा चौक होते हुए चंडी मंदिर, बाजार चौक , पुराना बस स्टैण्ड, मेन रोड होते हुए कोसरिया सामाजिक भवन पहुंची। कलश यात्रा के बाद मां शाकंभरी की पूजा अर्चना की गई। हवन, महाप्रसादी वितरण के पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया। शुभारंभ अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, नैनसिंह पटेल, दुलेश पटेल, कुबेर पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन जयश्री साहू के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, अंजू त्रिपाठी, पद्मनी ठाकुर, मनबोधी पटेल, गोपाल पटेल मौजूद थे।

### वृद्धों का सम्मान

इस मौके पर समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान समाज के प्रतिभाशाली बच्चों एवं वृद्धजनो का सम्मान किया गया। अंत में समाज के अध्यक्ष सेवाराम पटेल ने आभार व्यक्त किया।

### भवन के लिए 20 लाख की मांग

कोसरिया समाज के राज अध्यक्ष सेवाराम पटेल ने स्वागत भाषण में युवा, महिलाओं को मजबूत करने का संकल्प लेने पर जोर दिया। उन्होंने अतिरिक्त भवन के लिए 20 लाख की मांग की। उन्होंने सांकर दाहरा में निर्मित श्री राम, जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भी राशि की मांग की। सामाजिक भवन के लिए सांसद ने 5 लाख देने की घोषणा की।

# सांसद ट्रॉफी क्रिकेट का उत्साह चरम पर

- 64 टीमों के 704 खिलाड़ी ले चुके हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी



सांसद ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के पाँचवें दिन चारभाठा मैदान पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से लेकर शाम तक मैदान में गूंजती तालियां खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रही।

गांव-गांव से आए खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर यह साबित किया कि प्रतिभा शहर की मोहताज नहीं होती। प्रतियोगिता में अब तक 64 टीमों के 704 खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं। पांचवे दिन मुख्य अतिथि श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा थे। श्री मिश्रा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस स्पर्धा से गांव के खिलाड़ियों को नई पहचान मिल रही है। इस दौरान भाजपा नेता चनद्रिका प्रसाद डरसेना ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं को नशे और नकारात्मकता से दूर रहने प्रेरित कर रही है। समापन अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने कहा कि सांसद ट्रॉफी केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की मजबूत सीढ़ी है। यहां से निकले खिलाड़ी आने वाले समय में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, राधेश्याम गुप्ता, सीता वैष्णव, राधेलाल जोशी, मुकेश साहू, दिग्विजय मिश्रा, पुनीत साहू, अर्जुन सिंह, नरेंद्र मेश्राम, ढाल सिंह कोसमा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निधन



### नंदकुमार यादव

**खुज्जी।** बाजार चौक निवासी नंदकुमार यादव का 28 जनवरी को निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटे- बहू, नाती-पोते का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में यादव समाज के लोग, परिवार जन, ग्रामीणजन शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार शमशान घाट में किया गया।

### बैगा शरादू ध्रुवे

**खड़गांव।** बैगा शरादू ध्रुवे का मध्य रात्रि निधन हो गया। वह क्षेत्र के बहुत प्रचलित बैगा थे,जो बहुत सारी समस्यों का निदान करते थे। उनके निधन की खबर सुनकर ग्रामवासियों ढांढस बंधाने घर पहुंचे। ग्रामीणों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# शिशु मंदिर में बसंतोत्सव



**डोंगरगढ़।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी को समर्पण दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, देवीसिंह ठाकुर, बोधन भारद्वाज ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के भैया बहनों देव दर्शन करने मंदिर गए।

इस मौके पर निकले डोला में भैया बहन विभिन्न वेशभूषा में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात विद्यालय में सरस्वती पूजा और हवन किया गया। प्रधानाचार्य जागेश्वरलाल निषाद के मंत्रोच्चार कर विद्या आरंभ संस्कार संपन्न कराया जिसमें 80 बच्चे शामिल हुए। इस दौरान गीत, कहानी, कविता की प्रस्तुति रोमन साहू, निशांत जैन, साईकुमार साहू, गर्भित जैन, जयप्रकाश महोबे, मयंक निषाद, प्रेरणा सिंहा, राशि सिंहा, आचार्य बोधन भारद्वाज और डीकेश साहू ने दी। वक्ता देवीसिंह ठाकुर ने माता सरस्वती के अवतरण की कहानी बताया। संचालन ऋषभ वाल्दे ने किया। इस दौरान वीरसिंह यादव, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागोते, निशा नागमोते, लता आदि मौजूद थे।

### गंधर्व समाज ने मनाया जयंती

**डोंगरगढ़।** गंधर्व समाज ने संत चित्र रथ गंधर्व जयंती महोत्सव का आयोजन किया। विधायक के कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के कारण उनके प्रतिनिधि के तौर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी शामिल हुए। अध्यक्षता फिरंगी राम पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि विजयराज सिंह चौहान, गंधर्व समाज के जिला अध्यक्ष जीवन लाल गंधर्व, कृतिका रावना, लक्ष्मी गंधर्व, गुरमीत भाटिया, चुम्मन साहू, जितेंद्र सिंह भाटिया, कृष्णा गुप्ता, मयूर हथेल थे। क्षेत्र के सामाजिकजनों को अतिथियों ने संबोधित किया। समाज की मांग को विधायक तक पहुंचाने का अतिथियों ने आश्वासन दिया।

## पटेवा शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

# बच्चों को संस्कारवान बनाने का आह्वान




हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में गत दिनों वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा थे। अध्यक्षता तिलक सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि किरण बारले, तुलसी साहू, टीआर हिरवानी, बहुरसिंह साहू, मुरली साहू, एमएस राजपूत, प्रमोद दुबे, अजय ठाकुर, ललित साहू, नरेन्द्र वर्मा, युगराज जैन थे। इस अवसर पर शिशु मंदिर के भैया बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कक्षा दशम, अष्टम और पंचम में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया।

### राष्ट्र को समर्पित संस्था

उक्त मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ज्ञान, चरित्र, संस्कार का विद्यालय है जहां पढ़ाई के साथ अनुशासन एवं संस्कार की शिक्षा दी जाती है। शिशु मंदिर का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अध्यक्षता कर रहे तिलक सिन्हा ने शिशु मंदिर के योजनाओं और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष टीआर हिरवानी ने प्रतिवेदन का वाचन किया। श्रीमती बारले ने भी संबोधित किया। इस मौके पर चंद्रकांत देवांगन, मानिक गुप्ता, हरिशंकर साहू, खोमेन्द्रसिंह, अभिषेक सिंह, अलख साहू, आनंद साहू, हिरेंद्र हिरवानी, यशवंत साहू, रघुनंदन साहू, धनराज साहू, गैत्रिमा वर्मा, प्रियांशी वर्मा, संजीव वर्मा, देवेन्द्र मैथिलक्षत्री, नीलमणि साहू, लक्ष्मी गुप्ता , धनेश्वरी वर्मा, प्रीति वर्मा, खुशबू कुर्रे, निशा चंदेल, अनिता पाल, सोनम साहू, दीप्ति साहू, त्रिवेणी साहू, नेमा वर्मा आदि मौजूद थे। संचालन प्राचार्य रोहित निर्मलकर ने किया।

# शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार

**तुमडीबोड़।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या प्रारंभ संस्कार एवं वार्षिकोत्सव



का आयोजन किया मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में गायत्री परिवार ने एक कुंडीय गायत्री यज्ञ किया, बच्चों के साथ पालक भी श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. विद्या विलास श्रीवास्तव ने प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। अतिथियों ने शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सरिता मदन साहू, सरपंच भुवनेश्वरी साहू, जया तिमेश साहू, जया लीलाधर साहू, डॉ. मोंशी वर्गीश, टीकम पटेल, राधिका साहू, अध्यक्ष राजेंद्र जैन, प्रज्ञा श्रीवास्तव, पितांबर साहू, अमरोतन साहू, उर्वशन साहू, सुरेश जैन, सुनील जैन, जयराम साहू, सूरज तिवारी, सुंदर वर्मा, संध्या साहू,रीना ठाकुर आदि शामिल हुए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### वीबी जी राम जी योजना का प्रचार

**डोंगरगांव।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वीबी जी राम जी योजना को गांव के श्रमिकों तक पहुंचाने भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अभियान चला रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव के मार्गदर्शन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के आह्वान पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने गत दिनों ग्राम पंचायत दीवानभेड़ी पहुंचकर श्रमिकों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। श्री साहू ने बताया कि विकसित भारत-जी राम जी योजना मनरेगा का उन्नत रूप है, जो श्रमिकों को साल में 125 दिन रोजगार की गारंटी देती है। यह योजना ग्रामीणों की आय में वृद्धि करने विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और एक सप्ताह के भीतर मजदूरी का भुगतान करने शुरू किया गया है। इस अवसर पर तुमड़ीबोड़ मंडल भाजपा अध्यक्ष राजू यादव, सरपंच, गजानंद सोनकर एवं ग्रामीण श्रमिक मौजूद थे।

### साहित्यकारों ने बिखेरी चमक

**गंडई पंडरिया।** नया रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित तीन दिवसीय भव्य रायपुर साहित्य उत्सव में केसीजी और कवर्धा जिले के साहित्यकारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 23 से 25 जनवरी तक चले इस गरिमामय आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के नामी लेखकों, कवियों, पत्रकारों और कलाकारों ने शिरकत की। उत्सव में साहित्य, कला और मीडिया जगत की कई विधाओं पर गहन चर्चा और काव्यपाठ हुआ। इस कार्यक्रम में गंडई के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात रखी और शानदार काव्यपाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ ही क्षेत्र के अनेक कलमकारों ने वक्ता और कवि के रूप में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में गंडई क्षेत्र से मिनेश कुमार साहू, कमलेश शर्मा, बाबू सियाराम साहू, लच्छू यादव, राजकुमार मसखरे, धर्मेंद्र जंघेल, धर्मेन्द्र डहरवाल, रामकुमार साहू, हेमसिंग साहू, सुखदेव सिंह, अहिलेश्वर, अश्वनी कोसरे, देवचरण धुरी, गायत्री श्रीवास और डेलिसा साहू सहित अनेक साहित्यकारों की सक्रिय उपस्थिति रही। इन सभी रचनाकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

### निधन

#### प्रकाश मोदी



**राजनांदगांव।** समाजसेवी अशोक मोदी के ज्येष्ठ भ्राता प्रकाश मोदी सुपुत्र स्व. हुलासमल मोदी का 28 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। आप अपने पीछे एक पुत्र, तीन पुत्रियां एवं दो पोतों सहित भरापूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया से विदा हो गए।

### संगीत विवि का 17वां दीक्षांत समारोह, 70 साल बाद मिला नया वाजिब नाम

# राजा की दानशीलता विश्व पटल में अंकित : डेका

## राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय नाम से अब जाना जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लगभग 70 सालों की सांगीतिक यात्रा के बाद संगीत विवि का 17 दीक्षांत समारोह कई मायनों में खास रहा। राज्यपाल रमेन डेका ने राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह और रानी पद्मावती देवी सिंह को नमन किया उनकी दानशीलता की खुले मन से सराहना की और आखिरकार वो घोषणा की जिसका 70 सालों से लोग इंतजार कर रहे थे।

सालों से चला ये भ्रम भी दूर हो जाएगा कि अब इंदिरा कला संगीत विवि का नाम पूर्व पीएम इंदिरा के नाम पर था उस घोषणा के बाद अब विवि को राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह की बहन शारदा देवी के नाम से राजमहल परिसर मे स्थित उस बावली को भी जाना जाएगा जहॉं से पूरे राजमहल में पानी सप्लाई होती थी। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि अपनी पुत्री की स्मृति को अक्षुझण रखने राजा रानी ने अपने राजमहल का त्याग कर दिया। उनकी दानशीलता ने प्रदेश का नाम पूरे विश्व पटल में अंकित कर दिया है।






### उपलब्धियों के अवलोकन के लिए दीक्षांत समारोह

स्वागत भाषण देते हुए कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि दीक्षांत समारोह प्रमाण पत्र बांटने की रस्म नहीं है, यह अपनी उपलब्धियों के सिंहावलोकन और भविष्य के संकल्प का दिन है। कुलपति ने विवि में जारी नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के महोत्सवों में विवि के विद्यार्थियों की प्रतिभागिता की भी जानकारी प्रदान की। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सोहन लाल द्विवेदी जैसे महाकवियों की कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को कार्यकारिणी समिति सदस्य व विधायक डॉ. अनुज शर्मा ने भी संबोधित किया और उपाधि व पदक प्राप्त करने वालों को बधाई दी। समारोह का संचालन डॉ. कौस्तुभ रंजन और आभार प्रदर्शन कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजा आर्यव्रत सिंह विवि के अधिष्ठातागण, शिक्षकगण, अधिकारी-कर्मचारी सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### गुरू शिष्य परंपरा का निर्वहन कर रहा विवि

समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि किसी भी देश अथवा समाज को सभ्य और सुसंस्कृत बनाने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा से ही समाज, कलाओं और व्यवसाय में उन्नति कर पाता है। भावी पीढ़ी को जैसा बनाना हो वैसा ढालने के लिए शिक्षा पद्धति ही सांचे का काम करती है। माता कौशल्या की जन्मभूमि, शबरी की तपोभूमि, आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित प्रदेश धन-धान्य से परिपूर्ण है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि विदेशों में इस विवि के द्वारा भारतीय संस्कृति का प्रसार हो रहा है। प्राचीन काल में शिक्षा गुरूकुल में हुआ करती थी, उसी परंपरा का निर्वाह समोन्नत रूप में विवि कर रहा है। राजकुमारी इंदिरा की स्मृति में स्थापित यह विवि प्रदेश का मुकुटमणि और एशिया का गौरव है। उन्होंने पदक व उपाधि प्राप्त करने वालों को ललित कलाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति के ध्वज वाहक बनने कहा।

### विविध रूपों में समाई है कला जीवन में

कला को राष्ट्र का मूल अंग बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि कला के अलग-अलग रूपों में किसी ना किसी रूप का जीवन और समाज से प्रत्यक्ष संबंध रहा है। संगीत विवि को ज्ञान की मशाल की उपमा देते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि दीक्षांत समारोह उसकी गरिमा को बढ़ाता है। भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर कला व संगीत का संरक्षण साथ संवर्धन और विकास में संगीत विवि का अविस्मरणीय योगदान है। आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य यंत्रवत और संवेदनहीनता की ओर बढ़ रहा है, हमें इसे रोकना है। ललित कलाओं के माध्यम से हम मानव जीवन में सरसता ला सकते हैं। कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्तकर्ताओं व उपाधि धारकों को उनके भविष्य की कामना कर बधाई दी। समारोह में 5 को डी.लिट और 64 शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान की गई। इसी तरह कुल 236 विद्यार्थियों को पदक वितरण किया गया जिसमें 232 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 4 विद्यार्थियों को रजत पदक दिया गया।

# मनरेगा बचाने के लिए कांग्रेस ने कसी कमर



- मोहगांव से पैलीमेटा तक आज निकलेगी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत पैलीमेटा में मंगलवार को जिला कांग्रेस के तत्वावधान में एक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान की तैयारियों को लेकर की गई थी। अभियान के तहत 29 जनवरी को वनांचल के ग्राम मोहगांव से एक विशाल विधानसभा स्तरीय पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन पैलीमेटा में जनसभा के साथ होगा।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू, नपं अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर वैष्णव, ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चन्देल, रामकुमार पटेल, रणजीत चन्देल, राधामोहन वैष्णव, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरकार को जमकर कोसा

बैठक के दौरान वनांचल ग्राम बेलगांव में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना की। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि साय सरकार और मोदी सरकार मनरेगा के नियमों में बदलाव कर इसे धीरे-धीरे खत्म करने का प्रयास कर रही हैं। इससे ग्रामीणों का रोजगार छीनेगा और भविष्य में उन्हें पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिला अध्यक्ष कोमल दास साहू ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया।

# शंकराचार्य ने जिज्ञासाओं के दिए उत्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पाटीदार भवन में श्रीगोवर्धनमठ-पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती यहां आयोजित धर्मसभा के आयोजन में शामिल पहुंचे। जगतगुरु स्वामी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के शहर पहुंचते ही धर्मप्रेमी श्रदालुओं द्वारा उनका भक्तिभाव से स्वागत किया गया। शंकराचार्य श्रीनिश्चलानंद सस्वती यहां दो दिनों के लिए आयोजित धर्मसभा, दर्शन, दीक्षा एवं संगोष्ठी के लिए पहुंचे हैं। बुधवार शाम शहर के पाटीदार भवन में आयोजित दीक्षा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में शंकराचार्य निश्चलानंद सस्वती ने लोगों के प्रश्नों का उत्तर देते उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। वहीं उन्होंने अपने प्रवचन के माध्यम से सत्य सनातन धर्म के रास्ते पर चलने लोगों का मार्गदर्शन किया।




### हिंदू राष्ट्र को लेकर संगोष्ठी

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सस्वती 29 जनवरी की सुबह लगभग 11.30 बजे धर्मसभा के आयोजन के साथ हिंदू राष्ट्र को लेकर विशाल संगोष्ठी सभा को संबोधित करेंगे।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

धर्मसभा के आयोजन के दौरान संध्याकालीन सत्र में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने यहां पहुंचे सनातनियों को धार्मिक, आध्यात्मिक, मानसिक जिज्ञासाओं पर मार्गदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए।

# ऊर्जा संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता कल से

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के गौरवशाली अवसर पर एक विशेष ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व और विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए खुली है। जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाने आवश्यक संसाधनों (कागज, रंग, ब्रश आदि) का प्रबंध स्वयं करना होगा। राजनांदगांव जिले के प्रतिभागी तैयार पेंटिंग को रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में प्रशासनिक अधिकारी नीरज देवांगन के पास जमा करा सकते हैं। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता सरोज कुमारी गंधर्व, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता उत्तम कुमार साहू एवं कबीरधाम जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता दीपक लसेर के पास पेंटिंग जमा कर सकेंगे। पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के समापन बाद विशेषज्ञ समिति द्वारा उत्कृष्ट पेंटिंग्स का चयन किया जाएगा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिनकी सूचना विजयी प्रतिभागियों को फोन पर दी जाएगी।

# उदयपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

## स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी



**छुईखदान।** ग्राम पंचायत उदयपुर में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर के शाला प्रांगण में संस्था के प्राचार्य संजय कुमार वर्मा की उपस्थिति में ललित चोपड़ा अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर तिरंगा फहराया गया। ग्राम पंचायत में रोशन माडले, उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉ योगेश कुमार मंडावी, सहकारी समिति कार्यालय में पुरन राम जंघेल ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर ग्राम पटेल उभय राम साहू, मंगूराम जंघेल, पूरन जंघेल, भूपेंद्र मिश्रा, दिलीप जघेल, दशरथ यदु, रुकुम पाल, रेखचंद्र साहू, लालाराम, सीआर साहू, एमएल जंघेल, विजयारानी थवाईत, ढालचंद भारती, चंद्रकांत साहू, सत्य प्रकाश महिलकर, तामेश्वर साहू, राजू सिंह राजपूत, सौरभ श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास, झामेश्वरी ठाकुर, रेणु चौबे, अनुराधा सिंह, कुमारी रजवंती साहू, पूर्णिमा जंघेल, कंचन देशमुख, भगवती जंघेल, तेजराम वर्मा, कुमारी माया ठाकुर, देवकी निषाद, मेमन धुर्वे, प्रतिमा साहू सहित स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीके साहू ने किया।

### परेड की ली सलामी

शासकीय प्राथमिक शाला में संजय कुमार वर्मा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर ने परेड की सलामी ली। स्कूली छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। तत्पश्चात मुख्य कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रांगण में मुख्य अतिथि ललित चोपड़ा जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उदयपुर एवं अध्यक्षता प्राचार्य एस के वर्मा, विशिष्ट अतिथि राजकुमार जंघेल, अशोक कुमार मिश्रा, लखन सोनी, रोशन माडले, अनिल विश्वकर्मा थे। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा भाषण, देशभक्त गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# स्टेशनपारा में मना गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस पर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 में हमर क्लीनिक, मखियार समाज एवं आंगनबाड़ी केंद्र में ध्वजारोहण का कार्यक्रम कांग्रेस नेता आसिफ अली के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर अश्मिन निशा, नलिनी सागरे, रूपेश पिस्दा, इलेश सोनकर, भुनेश्वरी साहू, चमेली, बबीता कुलदीप, दुरपती बघेल, सरिता कुलदीप, आशा भंनेट, पुजा कुलदीप, संजोता कुलदीप, कमल कुलदीप, सालिकराम भंनेट, राहुल बघेल, विनोद कुलदीप, राजू रगडे, ऊतम बघेल, चांदनी बघेल, जितेंद्र कुलदीप, प्रीतराम साहू, गोलू विश्वकर्मा, जितेंद्र साहू, उत्तरा रामटेके, भावना ताम्रकार, अर्चना नागदेवे, धन्नू बारा पात्रे, बेला मेश्राम, देवकी यादव, संतोषी नागवंशी, चित्रलेखा, चंद्रावती साहू, रेखा साहू, महेश्वरी यादव, सरस्वती यादव, बिना यादव, गौरी रामटेके, सुषमा उके, बीसो सिन्हा, बिलकिस खान, भागवत सिन्हा, नारद पाल, शिव लाला यादव, प्रीत, पंचराम निषाद, रामकुमार अग्रवाल, गोपाल सिन्हा, दानी रगड़े, धीरज रामटेके और वार्डवासी उपस्थित थे।

### बीजागोंड साजा ने जीता प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार

# ठंढार में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ठंढार में 26 जनवरी के उपलक्ष्य में आयोजित एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुई। इस 30वें वर्ष के सफल आयोजन में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने अपना दमखम दिखाया, जिसमें बीजागोंड साजा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर 7001 रुपये का नगद पुरस्कार अपने नाम किया।

वहीं, प्रतियोगिता में टाठिया दुर्ग की टीम द्वितीय स्थान पर रही जिसे 5001 रुपये, केहका साजा की टीम तृतीय स्थान पर रही जिसे 3001 रुपये और गोंडवाना क्लब



छुईखदान की टीम को चतुर्थ स्थान प्राप्त होने पर 2001 रुपये के पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ रेडर, ऑलराउंडर और कैचर को मोती पटेल द्वारा विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, संरक्षक तानसेन साहू, उपाध्यक्ष तिलक वर्मा, भोज मेरावी, मुकेश यादव, पुरन दास, कुमेश वर्मा, गोपी वर्मा, गोविंद वर्मा और गोपी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान आनंदा यादव, गिरवर जंघेल, कुलेश्वर वर्मा, डकेश वर्मा, योगेश लिलहारे, बालमुकुंद यादव, अश्वनी जंघेल, बिसम्भर यादव, जयलु यादव, बिस्वा यादव, युवराज यादव, जयराम पटेल, भानु वर्मा, दुर्गेश यादव, आकाश मेरावी और रोशन जंघेल सहित समस्त ग्रामवासियों का सक्रिय सहयोग रहा।

### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के अध्यक्ष शत्रुहन चंदेल, पूर्व जनपद सदस्य संजू सिंह चंदेल, नगर पंचायत पार्षद दिलीप ओगरे, विधायक प्रतिनिधि अमित टंडन, युवा नेता अशरफ सिद्दीकी, शेखर साहू और टीकम साहू शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को आपसी भाईचारे का प्रतीक बताया। इस अवसर पर सरपंच मनीषा दुलेश्वर जोशी, गोपाल जोशी, सचिव लोकेश जंघेल, मोती पटेल, ग्राम पटेल सुरेश पटेल और भेजू जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सरकार ने किसानों से निभाया अपना वादा

## किसानों को किया गया 29597 करोड़ रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किसान हितैषी सरकार किसानों की धान खरीदी के लिए प्रतिबद्ध है, जहां सरकार अपना वादा पूरा कर रही है। वहीं किसानों ने भी अपना भरोसा जताया है।

धान खरीदी को लेकर किसानों में हर्ष व्याप्त है। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक 23.48 लाख किसानों ने धान बिक्री की है एवं 29597 करोड़ रुपए का भुगतान



किसानों को किया गया है। किसानों के खाते में 48 घंटे के भीतर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान का भुगतान हो रहा है। आगामी 3 दिवस में 1.5 लाख किसानों से धान खरीदी की जाएगी। किसानों को धान बिक्री के लिए 70000 से भी अधिक टोकन जारी किए जाएंगे। इस तरह प्रतिदिन 22000 टोकन जारी किया जाएगा। राज्य में प्रतिदिन 3 लाख मीट्रिक टन की धान खरीदी की जा रही है।

## सार समाचार

### माताएं संवेदनशील होती है : बृजेश्वरी देवी

**राजनांदगांव।** प्रख्यात मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने कहा कि रामचरितमानस में भाई-भाई का प्यार और पति-पत्नी के कर्तव्य के बारे में



सब कुछ बताया गया है। रामचरितमानस में हमें जीवन जीने के लिए किन-किन आदर्शों का पालन करना चाहिए, कैसी मर्यादा होनी चाहिए इस बारे में बताया गया है। उन्होंने कहा कि भाई-भाई का प्यार श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न जैसे होना चाहिए। एक पत्नी का चरित्र माता सीता जैसी होनी चाहिए। मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी मंगलवार को अनुपम नगर स्थित अनुपम वाटिका के अयोध्या धाम में श्रीराम कथा के अंतिम दिवस बोल रही थी। उन्होंने कहा कि माता का स्वभाव ही होता है कि थोड़ी सी खुशी और थोड़े से दुख में उनके आंसू छलक पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में सिर्फ दो स्थानों पर श्रीराम के द्वारा फूल चुनने के बारे में कहा गया है। कथा से पूर्व आज सुबह हवन हुआ और शाम को कथा के बाद पूर्णाहुति हुई। प्रसाद की व्यवस्था कान्यकुब्ज महिला समाज और आदर्श महिला मंडल द्वारा की गई थी। व्यवस्था में सहयोग गिरिजा तिवारी, आमोद दीक्षित, ममता अवस्थी, मंजूषा बाजपेयी, आशा मिश्रा, अर्चना तिवारी, रंजना अग्रवाल, अर्पिता मिश्रा, सीमा पांडे, मोहिनी शुक्ला, अभिलाषा ठाकुर, सुषमा अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

### बघेरा में रक्तदान शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु के दिशा-निर्देशन में छात्र युवा मंच के जिला अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सेन द्वारा ग्राम पंचायत बघेरा में प्रथम बार रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल के लिए 26 जनवरी पर ग्राम पंचायत बघेरा की सरपंच ऐश्वर्या देशमुख, ग्राम पटेल दुर्जनलाल देवांगन एवं पंचगण द्वारा दुष्यंत कुमार सेन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्र युवा मंच द्वारा सरपंच, पंचगण एवं ग्राम पटेल का भी सम्मान किया गया।



### नगर निगम अध्यक्ष ने फहराया ध्वजा

**राजनांदगांव।** गणतंत्र दिवस पर नगर निगम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने सुबह 7.30 बजे टाऊनहाल में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर अजीत जैन उपस्थित थे। निगम अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण पश्चात निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान देवशरण सेन, राजेश जैन रानू, सावन वर्मा, केवरा राय, वर्षा सिन्हा, डीलेश्वर साहू, शिव वर्मा, सतीश मसीह, कमलेश बंधे, श्रुति लोकेश जैन, मनोहर यादव, रवि सिन्हा, सतीश कुमार साहू, शरद सिन्हा, विजय राय, एजाजुल रहमान, तोरण देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजीव कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर दीपक खाण्डे, यूके रामटेके, प्रणय मेश्राम, गरिमा वर्मा, सुषमा साहू, राकेश नंदे, नारायण यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### दिग्विजय कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय ऑटोनॉमस स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीना प्रसाद के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने भाषण एवं कविता पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. अनीता शंकर ने कहा कि वर्तमान परिवेश में बालिकाएं समस्त पुरानी वर्जनाओं को तोड़कर सफलता के नए आयाम कायम कर रही है। आज बेटों और बेटियों में कोई अंतर नहीं है। संयोजिका डॉ. मीना प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। इसका उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति भेदभाव को मिटाना है। बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूक बनाना एवं बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में डॉ. स्वयंसिद्धा झा, रोहिणी, डॉ. गायत्री साहू, तेजस छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आराधना गोस्वामी ने किया।



### महिला क्रिकेट ट्रॉयल 30 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजनांदगांव जिले के बसंतपुर मंडी के सामने स्थित क्रिकेट क्लब ऑफ राजनांदगांव के प्रैक्टिस ग्राऊंड में 30 जनवरी को महिला खिलाड़ियों के अंडर-15 व अंडर-19 आयु वर्ग के लिए चयन प्रकिया आयोजित की जा रही है। उक्त चयन प्रक्रिया राज्य स्तर पर प्रतिभागियों का चयन करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। जिसमें दुर्ग, कवर्धा एवं राजनांदगांव जिलों की युवा महिला क्रिकेटर भाग ले सकेंगे। अंडर-15 आयु वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच, अंडर-19 आयु वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2007 के बाद जन्मी खिलाड़ी ही उक्त चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। उक्त चयन प्रकिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने इच्छुक खिलाड़ी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होना आवश्यक है। जिला किकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागडी ने बताया कि यह आयोजन महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और राज्य की टीम के लिए मजबूत बेंच स्ट्रेंथ तैयार के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### दो दिवसीय निःशुल्क शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** श्री राधेश्याम आर्थोकेयर की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर डॉ. योगेश सोनी द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके उपलक्ष्य में निःशुल्क हड्डी रोग शिविर आयोजित की गई थी। जिसमें 140 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क इलाज का लाभ उठाया तथा ईलाज के साथ मरीजों का निःशुक्ल बी.एम.डी. टेस्ट और यूरिक एसिड टेस्ट का भी मरीजों ने लाभ उठाया। साथ में राजनांदगांव में पहली बार विटल पी.टी. मशीन द्वारा स्टोन्श, बैलन्स एंड पोस्टॉर ऐसेंसमेंट एवं निःशुल्क परामर्श का भी श्री राधेश्याम आर्थोकेयर द्वारा उपलब्ध कराई गई।

## फिटकरी सहित अन्य सामग्री में गुणवत्ता का रखें ध्यान

# फील्ड पर उतरे मेयर, मोहारा संयंत्र का दौरा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव बुधवार को नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा समेत सुनील साहू, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, मनोहर यादव के साथ मोहारा फिल्टर प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर क्लोरिन की मात्रा, एलम की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव ने कहा कि जल संयंत्र गृह के तीनो प्लांट के सीएफएल की भी सफाई कराएं। उन्होंने शहर में चल रहे टंकी सफाई की जानकारी लेकर उप अभियंता अनुप पांडे से कहा कि कुछ क्षेत्रों में पानी गंदा या कीडे आने की शिकायत प्राप्त होती है, उसका जांच कर निराकरण करें और ग्रीष्म ऋतु के पूर्व स्वच्छ पेयजल सप्लाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कंपनी के अधिकारी राजेश पवार व नीतिन पाटिल सहित जल विभाग का अमला उपस्थित था।



### नदी का जल स्तर दो फीट हुआ कम

महापौर ने क्लोरिन टेस्ट की जानकारी लेकर पीएचई विभाग से होने वाले जांच के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने नदी में पानी की स्थिति की जानकारी ली। उप अभियंता युवराज कोमरे ने बताया कि नदी का जल स्तर 2 फीट कम हुआ है, पेयजल सप्लाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। एनीकट में पानी कम होने की स्थिति में बाधों से पानी लिया जाता है।

### लिया जायजा

महापौर श्री यादव सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर जल विभाग के अधिकारियों से मोहारा प्लांट पहुंचकर पंप की स्थिति और एलम, ब्लीचिंग तथा अन्य समाग्री की उपलब्धता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने फिटकरी का भंडारण देख ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त फिटकरी रखने कहा। उन्होंने कहा कि फिटकरी सहित अन्य सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निगम तथा कंपनी के अधिकारियों से कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# क्रिकेट में इस्कॉन ब्लास्टर बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जैन समाज द्वारा आयोजित जैन बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन 21 से 26 जनवरी तक एवरग्रीन टर्फ नंदई रोड में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जैन समाज के खिलाड़ियों की कुल 10 टीमों ने टेनिस बॉल क्रिकेट में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल मुकाबला इस्कॉन ब्लास्टर और महावीर इंडियन टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर इस्कॉन ब्लास्टर के कप्तान गौरव गिड़िया ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इस्कॉन ब्लास्टर ने निर्धारित 8 ओवर में 133 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। प्रशांत बोहरा के नेतृत्व वाली महावीर इंडियन टीम संघर्ष के बावजूद 102 रन ही बना सकी। हालांकि मैच के दौरान जब तक आशीष कोचर क्रीज पर मौजूद रहे, तब तक 16 गेंद में 51 रन बनने की उम्मीद से मुकाबला बेहद रोमांचक बना रहा। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में खूबचंद पारख, मनोज बैद, भागचंद गिड़िया, कमलेश बैद, दीपक नवलखा सहित अन्य समाजसेवियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस आयोजन के आयोजक पंकज झाबक, सिद्धार्थ झाबक एवं पार्श्व पारख रहे। प्रतियोगिता की अंपायरिंग सीएसीएस भिलाई द्वारा की गई। वहीं मैच की रोचक कमेंट्री नगर के अंकित खंडेलवाल ने की।

# बाइक में शराब ले जाते पकड़ाया, 48 पौवा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 जनवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रांसपोर्ट नगर चौक बायपास रोड पर मोटर साइकिल पल्सर में एक बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर पेंड्री की ओर जाने वाला है।

**नाकेबंदी कर पकड़ा-** सूचना पर पुलिस टीम गठित कर नाकेबंदी करने पर एक व्यक्ति मोटर साइकिल में मिला, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम नरेन्द्र यादव 30 साल साकिन राहुल नगर लखोली का होना बताया। जिनके के कब्जे से 39 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की एवं 9 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की कीमती 5760 रुपए एवं पल्सर को बरामद कर शराब रखने के संबंध में नोटिस तामिल कराया गया।

आरोपी कृत्य धारा सदर अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# दिग्विजय क्लब का स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स खेल प्रेमियों के लिए बड़ी उपलब्धि : रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

स्थानीय विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिग्विजय क्लब स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स शहर के खेलप्रेमियों के लिए बड़ी उपलब्धि है।

स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में उत्कृष्ट स्तर का बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट तथा आधुनिक जिम की व्यवस्था की गई है। लोकार्पण अवसर पर सांसद संतोष पांडे भी उपस्थित हुए। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी नवनिर्मित परिसर का अवलोकन किया। डॉ. रमन सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया तथा उम्मीद जताई कि



स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की सुविधा नगर के होनहार खिलाड़ियों की प्रतिभा को तरासने का काम करेगी। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सांसद संतोष पांडे ने अपने उद्बोधन में क्लब के सदस्यों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। क्लब के अध्यक्ष किशोर बेलावाला ने क्लब के इतिहास और प्रगति का उल्लेख करते कहा कि इस क्लब की स्थापना राजा दिग्विजय दास के जन्मदिवस पर राजा सर्वेश्वर दास ने वर्ष 1935 में की थी। क्लब में शहर के बुद्धिजीवी सदस्य हैं। उन्होंने क्लब के भविष्य के कार्यक्रम की जानकारी देते कहा कि स्वीमिंग पुल तथा कम्युनिटी हॉल का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आनंद वर्गीस ने किया। इस अवसर पर क्लब के सुरेश एच. लाल, श्रीकिशन खंडेलवाल, रामजी भारती, कोषाध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष विजय छाजेड़, उमाकांत भारद्वाज, सुशील पसारी, डॉ. उत्तम चावड़ा, नंदकुमार अग्रवाल, गिरीश सोनछत्रा आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन क्लब के सचिव डीआर यादव ने किया।

# मां परमेश्वरी महोत्सव में दो जोड़ों का होगा विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर देवांगन समाज द्वारा 01 फरवरी को कुलदेवी मां परमेश्वरी महोत्सव कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम गुरू घासीदास भवन जीई रोड में होगा। समारोह में समाज द्वारा दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। आयोजन की तैयारी जोरों से चल रही है।

नगर देवांगन समाज के महोत्सव का यह 11वां वर्ष है। यह दो सत्रों में होगा। सुबह 10 बजे पूजा-आरती के साथ कार्यक्रम शुरू होगा, फिर परिचय सम्मेलन, डांस और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के बाद रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता होगी। दोपहर 02 बजे उदघाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आमंत्रित हैं। इसके अतिरिक्त महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, कोमल राजपूत व समाज के प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी भी मंचासीन रहेंगे। समापन सत्र में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन मुख्य अतिथि रहेंगे। अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव आदि आमंत्रित हैं। समाज के संरक्षक दयावान देवांगन व अध्यक्ष शोभाराम देवांगन ने बताया कि महोत्सव में हर वर्ग की सहभागिता के लिए पूरे दिन विविध कार्यक्रम कराए जाएंगे। सुबह 10 बजे मां परमेश्वरी की पूजा-पाठ के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। सुबह 10.30 से खेल व मनोरंजन कार्यक्रम शुरू होंगे। इसमें बच्चों का रिकार्डिंग डांस, कुर्सी दौड़ व अन्य गतिविधियां भी शामिल है। इसके बाद रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता कराई जाएगी। अतिथियों के स्वागत बाद समाज के वरिष्ठजनों के साथ ही प्रतिभावन बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। शाम 05 बजे तक विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन होगा।

### आदर्श विवाह के बाद होगा स्वरूचि भोज

नगर देवांगन समाज के दयावान देवांगन ने बताया कि महोत्सव के दौरान सामाजिक खर्च पर इस वर्ष दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। नवीन नगर नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी विजय कुमार का विवाह दपका की लक्ष्मी देवांगन के साथ होगा। वहीं शंकरपुर निवासी भुवनलाल की शादी इंदिरा माता नगर नागपुर की सुलोचना के साथ पारंपरिक रूप से कराई जाएगी। इसके बाद आशीर्वाद समारोह और स्वरूचि भोज भी कराया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज में सम्मान समारोह

- गणतंत्र दिवस पर छोटे कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कुछ खास अवसरों पर यदि किसी संस्था या शासकीय सेवाओं के कार्यरत सबसे छोटे कर्मचारियों का सम्मान हो तो उन कर्मचारियों में नई ऊर्जा का काम करता है। साथ ही कार्य को और बेहतर करने की उम्मीद उभरकर सामने आती है। आयोजन में सम्मान को देखकर बाकी के कर्मचारियों में भी सम्मान पाने की होड़ में बेहतर से बेहतर कार्य करने की प्रतिस्पर्धा आरंभ होती है।

शहर के मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में मेटास कंपनी के कार्यरत सबसे छोटे कर्मचारी जिसमें स्वच्छता दीदी, भाई और सुरक्षाकर्मी जिनके ऊपर हॉस्पिटल की साफ-सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है, इनका सम्मान किया गया। शहर की ही मां पाताल भैरवी मंदिर समिति इन कर्मचारियों का सम्मान करते आ रही है।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर मंदिर समिति के महामंडलेश्वर गोविंददास महाराज संस्था के अध्यक्ष राजेश मारूजी, उपाध्यक्ष दीपक जोशी और (पत्रकार) कमलेश सिमनकर ने ब्रम्हऋषि बर्फानी दादाजी महाराज की स्मृति में मोमेंटो, शाल और श्रीफल देकर सम्मान की परंपरा का आगे बढ़ाते इन 11 कर्मचारियों को सम्मानित किया। जिनका कार्य मरीजों और वहां की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करते हुए कार्य करते हैं। जिसमें कौशल, राधा यादव, नीलकंठ निषाद, हेमंत कुमार साहू, उमेश साहू, रेखा धनकर, पवन साहू, देवश्री सिन्हा के साथ मरीजों को घर जैसा माहौल देने और सेवा करने वाली (स्टाफ नर्स) राजलक्ष्मी साहू, उषा नारंगे और स्मिता संजीवन का भी सम्मान किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया।



आयोजन के दौरान मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. पीएम लुका, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर राव देशकर, हॉस्पिटल पीआरओ डॉ. पवन जेठानी, डॉ. आराधना टोप्पो, डॉ. सुरेंद्र कौर, डॉ. इंदु पदमे, डॉ. नवीन कुमार तिर्की, जूनियर डॉक्टर्स, मेडिकल स्टूडेंट और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। आयोजन में मुख्य भूमिका मेडिकल कॉलेज के सबसे चर्चित डॉ. प्रकाश खूंटे की रही।

### आज शाम पेयजल आपूर्ति बाधित

**राजनांदगांव।** ग्रीष्म ऋतु के पूर्व निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। जिसमें से कंचनबाग टंकी की सफाई कार्य किया जाना है। जिसके कारण कंचनबाग उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पाएगा। उक्त टंकी से कल 29 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 30 जनवरी से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। कंचनबाग टंकी सप्लाई क्षेत्र कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशन नगर, जनता कालोनी, राजीव नगर ब्रम्हदेव चैक, बैगापारा, अटल आवास, शंति विजय कालोनी, राहुल नगर लखोली क्षेत्र में कल 29 जनवरी की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी।

# अमन के रामगीतों से सजा लोकार्पण समारोह

## वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मिश्रा ने भी सुनाई प्रेरक कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डोंगरगांव मार्ग पर 10 एकड़ क्षेत्रफल में बने प्रदेश के सबसे विकसित व व्यवस्थित पत्रकार आवासीय परिसर का लोकार्पण समारोह भगवान राम के गीतों से सराबोर रहा। इतना ही नहीं कविता के माध्यम से समूचा वातावरण देशभक्ति और देश की विकास यात्रा पर केंद्रित रहा। राष्ट्रीय कवि अमन अक्षर ने रामगीतों से समारोह को राममय बनाए रखा। वहीं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मिश्रा की कविताओं ने जनसमूह को एक रहो-नेक रहो का संदेश दिया।





कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय कवि अमन अक्षर के काव्य पाठ से हुई। उन्होंने एकल काव्य पाठ कर समूचे वातावरण को देशभक्ति के साथ राममय बना दिया। गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में देशभक्ति का भी खूब रंग जमा, जब प्रेस क्लब के संरक्षक जितेंद्र मिश्रा को काव्य पाठ के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने स्वरचित कविताओं का पाठ कर समारोह में उत्साह का संचार किया।

उन्होंने हिंदुस्तान बोल रहा हूं-अपने दुख-दर्दों पर डोल रहा हूं, सुनाकर देश की वर्तमान दशा और देश की विकास यात्रा को बेहतरीन ढंग से रेखांकित करते भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाने का आह्वान किया। तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जनसमूह ने उनकी कविता का सम्मान किया। मंच संयोजन कर रहे टीवी पत्रकार किशोर सिल्लेदार ने पूरे समय वातावरण को बांधे रखा।

### अधिमान्यता अवधि पांच वर्ष हो

कार्यक्रम के दौरान राज्य शासन के अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरफ से मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को अधिमान्यता अवधि दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। इस पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस विषय में शासन के जिम्मेदारों से चर्चा कर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। समारोह में अशोक पांडेय, सीएल जैन, राजेंद्र व्यास, अतुल श्रीवास्तव, प्रेस क्लब सोसाइटी के उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, क्लब के सचिव अनिल त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा के अलावा संचालक सदस्यों में आरती दुबे, मोहन कुलदीप, जितेंद्र सिंह, जयदीप शर्मा, कमलेश सिमनकर, परमानंद रजक, नीरा साहू आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी में उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित हुए: सचिव रामेश्वर साहू



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत कोलेगांव के रोजगार सहायक सचिव रामेश्वर साहू को मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्टर द्वारा श्री साहू को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी कार्य को समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में रामेश्वर साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे ग्राम पंचायत कोलेगांव का नाम रौशन हुआ। उनके इस सराहनीय कार्य से पंचायत क्षेत्र के श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिली। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत कोलेगांव के जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने रामेश्वर साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भाजपा कार्यालय कुई कुकदुर में हर्षोल्लास के साथ फहराया गया तिरंगा मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया ने दी सलामी

**हरिभूमि कुई कुकदुर।** गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर 26 जनवरी को भाजपा कार्यालय कुई कुकदुर में ध्वजारोहण कार्यक्रम



संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया उपस्थित थें। समारोह की शुरुआत में मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया ने विधि-विधान से ध्वजारोहण किया, जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में बसंत बाटिया ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुई के सरपंच, विभिन्न वार्डो के पंच, भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण जन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए, स्कूली बच्चों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा भर दी। वहीं इस दौरान भाजपा के अनेक वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया और सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे देश-प्रेम की भावना को मजबूत करने वाला बताया।

### पोलमी में संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पोलमी स्थित शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल भेलवानकान



एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आश्रम द्वारा संयुक्त रूप से 76वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के सरपंच, उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी एवं रैली निकाली गई, जो ग्राम के प्रमुख मार्गो से होकर शाला परिषर पहुंची। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में छात्र-छात्राओं ने करमा नृत्य, प्रादेशिक एवं सांस्कृतिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच प्रतिनिधि मधुर सिंह मरावी, उपसरपंच रामनाथ करायत, कालीचरण शिव, अंगद शिव, नानुक लाल गढ़ेवाल, विजय गढ़ेवाल, कंवल मार्को, संतोष सोनी, भागसिंह मरावी, प्राचार्य रामप्यारे पेंद्रो, शिक्षक मो. फिरोज खान, प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, श्रीमती चंद्रिका पुसाम, श्रीमती ममता धुर्वे, महेश उइके, द्वारिका चंद्रवंशी, खेमराज जांगड़े सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शिक्षक राकेश सोनी द्वारा किया गया।

### रणवीरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि रणवीरपुर।** ग्राम रणवीरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे



हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणवीरपुर में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां विद्यालय के प्राचार्य डीएस उईके द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में ग्राम सरपंच श्रीमती बिसा सरवन नेताम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थें, जिनमें बसंत बोहरा, राजू पारख, संतोष वैष्णव, मुकेश जैन, चोवा सोनी, देवनाथ यादव, प्रदीप मिश्रा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें, गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम में विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं विधायक निवास में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नरेश साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पुराना बाजार चौक में श्रीमती सुनिता शुक्ला, पूर्व माध्यमिक शाला रणवीरपुर में शिक्षक तुरकाने, प्राथमिक शाला रणवीरपुर में श्रीमती आरती सोनी, सेवा सहकारी समिति रणवीरपुर में देवनाथ यादव तथा व्यापारी संघ के तत्वाधान में बस स्टैंड में चोवा सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रणवीरपुर भवन में सरपंच श्रीमती बिसा श्रवण नेताम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक रेवा प्रसाद, भोलू खान, गोवर्धन साहू, मुकेश जैन, कोमल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें, समस्त कार्यक्रम देशभक्ति के नारों, राष्ट्रगान और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ सम्पन्न हुए। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

---

#### उपमुख्यमंत्री ने सुतियापाठ में सड़क के मुरमीकरण के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की

# विजय शर्मा सतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम सुतियापाठ में आयोजित सतचंडी महायज्ञ, गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम उड़ियाकला में आयोजित कुण्डात्मक अतिरुद्ध महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में भी श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान साधु-संतों से आर्शीवाद प्राप्त किया तथा यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर धार्मिक अनुष्ठानों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के साथ बैठकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। श्री शर्मा ने ग्राम सुतियापाठ में सड़क के मुरमीकरण के लिए 15 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और गांव के आवागमन को सुगम बनाने के लिए यह कार्य प्राथमिकता से कराया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। ऐसे आयोजनों से आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है और सामाजिक सद्भाव मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

#### क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक गौ-पालन अपनाने का आग्रह किया



उपमुख्यमंत्री ने बताया कि कथा स्थल के विकास के लिए भी कार्य स्वीकृत किए गए हैं। यहां संत निवास, गौशाला निर्माण, सड़क निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में यह स्थान एक प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक गौ-पालन अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गौ पालन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होती है। दुग्ध उत्पादन, जैविक खेती और गोबर-गौमूत्र आधारित उत्पादों से किसानों की आय बढ़ सकती है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि माता हिंगलाज माई की कृपा क्षेत्र पर सदैव बनी रहे और यह पावन भूमि धर्म, संस्कृति और विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ती रहे। इस अवसर पर लालाराम साहू, परदेशी पटेल, भुखन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं कथा प्रेमी उपस्थित थें।



# केवाईसी नहीं होने से कई राशन कार्डधारियों को नहीं मिल रहा चांवल

- शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चांवल नहीं मिलने पर हितग्राही परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चांवल वितरण प्रभावित हो रहा है। बड़ी संख्या में राशन कार्डधारियों का केवाईसी नहीं होने के कारण उन्हें माह का चांवल नहीं मिल पा रहा है। चांवल लेने दुकान पहुंचने पर हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि केवाईसी कराने के लिए वे लगातार उचित मूल्य की दुकान के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। कई मामलों में केवाईसी होने के बाद भी ऑनलाइन अपडेट नहीं हो रहा है, जिससे चांवल वितरण बंद है। माह का चांवल नहीं मिलने से गरीब परिवारों को मजबूरी में निजी दुकानों से महंगे दामों पर चांवल खरीदना पड़ रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कई परिवार ऐसे हैं जो रोज कमाते हैं और उसी से रोज का भोजन करते हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सर्वर डाउन की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था कर केवाईसी से वंचित हितग्राहियों को तत्काल चांवल दिया जाए, ताकि गरीब परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। जिस पर ग्रामवासी मोगराबाई शर्मा, ओमप्रकाश यादव, कृष्णा साहू, पुकु साहू सहित अनेक राशन कार्डधारी केवाईसी नहीं होने के कारण चांवल से वंचित नजर आ रहे हैं।

## मोहगांव में 1 फरवरी से भव्य श्रीराम कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहगांव



पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम मोहगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आनंद उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों हाई स्कूल मैदान के मानस मंच प्रांगण में 1 फरवरी से किया जाएगा। जिसमें स्व. श्रीमती मथुरा बाई ताम्रकार की पुण्य स्मृति में कृष्ण कुमार ताम्रकार, रामराज ताम्रकार दुर्ग निवासी द्वारा निर्मित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर मोहगांव में उक्त आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार पिछले 44 वर्षो से रामकथा का प्रवचन होते आ रहा है। जिसमें कथा व्यास के रूप में पं. मधुसुदन दाज शास्त्री श्रीधाम अयोध्या द्वारा किया जाएगा। जो कि प्रवचन प्रतिदिन 3 बजे से 5.30 बजे तक भक्तजनो को श्रीरामकथा का श्रवणपान कराया जाएगा। साथ ही साथ रात्रिकालीन पं प्रशात कुमार मिश्र श्रीधाम वृंदावन द्वारा रात्रि 8.30 से हरिइच्छा तक श्रीरामकथा व्यास भक्तजनों को कराया जाएगा। वहीं आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा कथा प्रांगण एवं समस्त हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव को भव्य बनाने हेतु जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। जिस पर आयोजक समिति ने भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम चरित्र सत्संग का आनंद लेने अपील की गई।

## डबराभाट में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 25 जनवरी से 5 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसका शुभारंभ 25 जनवरी को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। आयोजन स्थल सारंगपुर एवं श्री पंचदेव मंदिर मार्ग पर स्थित पीएम सड़क किनारे, डबराभाट धान संग्रहण केंद्र परिषर में निर्धारित किया गया है, जहां बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीण एकत्रित हो रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 40 हजार रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 20 हजार रुपए विजयी प्रतिभागियों को दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक साहेब अहिरे की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक धृतलहरे सरपंच कटगो एवं गुरु घासीदास सतनाम कल्याण समिति अध्यक्ष लकी केशकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्तकर मैच का विधिवत शुभारंभ कराया। आयोजन सचिव रामजी लहरे के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा बूथ अध्यक्ष कौशल मोहले, नीलकंठ अहिरे, लल्लू चेलक, जलेश कोशले, इंदिरा कुमार केशकर, गोलचंद मोहले, जलेश्वर धुर्वे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित थें। आयोजन को सफल बनाने में डबराभाट आयोजन समिति के कप्तान विक्रम ओगरे, दिलीप, राहुल अहिरे तथा उपकप्तान अभिषेक कोसले सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की एक सराहनीय पहल भी है।

## कुण्डा में शान से फहराया तिरंगा मनाया गणतंत्र दिवस



**हरिभूमि कुण्डा।** गणतंत्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है, इस वर्ष 26 जनवरी को भारत अपना 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। एक स्वतंत्र गणराज्य बनने एवं देश में कानून का राज स्थापित करने लिए 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वव्य अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया, सोमवार को पूरे भारत भर में गणतंत्र दिवस मनाया। इसी क्रम में ग्राम कुण्डा में सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थानों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों में भी आन बान शान से तिरंगा फहराया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा परिसर में संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ, ग्राम पंचायत कुण्डा परिसर में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा परिसर में अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, नवीन महाविद्यालय परिसर में अध्यक्ष पुरषोत्तम निर्मलकर, सेवा सहकारी समिति परिसर में अध्यक्ष अमन खनूजा, बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, सरदार पब्लिक स्कूल परिसर में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, जिला ओबीसी मोर्चा कृष्णा चंद्राकर, विधायक कार्यालय कुण्डा परिसर में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, भारतमाता चौक में मण्डल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी वहीं जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी, आरक्षी केंद्र में थाना प्रभारी लवानिया महिला बाल विकास में परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, बालक आश्रम में अध्यक्ष गणेश सोलंकी, बालिका आश्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष सेवाराम कुर्रे, तहसील कार्यालय में तहसीलदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ आनंद, पेट्रोल पम्प में संचालक रामस्वरूप साहू, महाराणा प्रताप चौक में उपसरपंच मुमताज अहमद व पंच वागीश चंद्राकर जिला सहकारी बैंक में प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर में रामस्वरूप साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

# मनरेगा बचाव संग्राम में शामिल हुए प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी




- कांग्रेस नेताओं का आरोप, मनरेगा आज खतरे में है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुण्डा में 27 जनवरी 2026 को भारत माता चौक के पास मनरेगा बचाव संग्राम के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, भूपेश बघेल, जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के निर्देश पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, श्याम कश्यप, ईश्वर शरण वैष्णव, अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कुण्डा उत्तरा दिवाकर, मनरेगा प्रभारी इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर, रोमी पाल, खनूजा प्रमोद पात्रे सहित अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थें।

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन-कीर्तन के साथ किया गया तथा अतिथियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा योजना आज खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा नियमों में बदलाव कर इस योजना को कमजोर किया जा रहा है, जो गरीब परिवारों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई थी, ताकि हर परिवार को 100 दिन का काम मिल सके। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा को यथावत नहीं रखा गया तो कांग्रेस पार्टी गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा सरकार को संदेश दिया गया कि मनरेगा योजना को बंद करने के बजाय इसे मजबूत किया जाए, ताकि गरीब परिवारों को रोजगार और आजीविका मिल सके। इस अवसर पर साधेराम, अनंत, दिनेश पांडेय, सनत चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, मनोज भास्कर, विनोद रजक, यासीन खान, बद्री खांडे, हेमू साहू, अंशु साहू, लखन सिंहरोल, मुकेश यादव, शिव सिंह चौहान, देव कुमार चंद्राकर, वेद प्रकाश चंद्राकर सहित कुण्डा ब्लॉक के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# कांग्रेस ने की मनरेगा बचाओ, किसानों व मजदूरों को हो रही समस्या पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। इस बैठक में पंडरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम साहू की अध्यक्षता में यह प्रथम बैठक भारी संख्या में संपन्न हुआ। बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रभारी थानेश्वर पाटिला, जिला कांग्रेस के संघठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष नवीन जायसवाल की गरिमामयी उपस्थित में हुआ। मनरेगा प्रभारी श्री पाटिला ने कहा मनरेगा योजना के महत्व और इसके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। मनरेगा योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। और ऐसे योजना को भाजपा सरकार मनरेगा से जीविका पालन कर रहें आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा, वही संगठन प्रभारी पदम कोठारी ने मनरेगा के साथ साथ कांग्रेस संगठन की मजबूती की बात विस्तार से बताया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने मनरेगा बचाओ संग्राम की विषय में जानकारी दिया साथ हीं साथ श्री जायसवाल ने कहा पंडरिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बनकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया हूँ और पार्टी में मुझे कबीरधाम का जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाया है, जिस प्रकार मुझे सहयोग किया पंडरिया ब्लाक कांग्रेस के सभी कांग्रेस जन उसी प्रकार नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम साहू की सहयोग करने की बात कही। कांग्रेस संगठन की बेहतर मजबूती के लिए बात कही, संजू तिवारी ने मंच संचालन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विवाह योजना के लिए आवेदन 03 फरवरी तक

**कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की पात्र कन्याओं एवं उनके परिवारों से शासन की कल्याणकारी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए 03 फरवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सामूहिक विवाह का आयोजन 10 फरवरी 2025 सोमवार को पूरे राज्य में एक साथ किया जाएगा। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक, सुरक्षित एवं सामाजिक रूप से मान्य विवाह को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र कन्याओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक परिवार अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर 31 को

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार जिला अस्पताल कवर्धा में 31 जनवरी 2026 को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इनमें मेमोग्राफी मशीन द्वारा स्तन कैंसर जांच, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी) तथा बच्चेदानी के मुख के कैंसर की जांच (पेप स्मीयर टेस्ट) शामिल हैं। जिले के सभी विकासखंडों से संभावित कैंसर मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार आगे की उपचार व्यवस्था से जोड़ा जाएगा तथा उनका सतत फॉलोअप भी किया जाएगा।

# पदोन्नति को लेकर जिले के पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह छवई ने शासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप

- पुलिस अधीक्षक ने प्रदेश के सीएम के नाम पत्र लिखकर व्यक्त की अपनी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग की पदोन्नति व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नियमों की अनदेखी और भेदभाव का आरोप लगाते हुए सीधे मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत की है।

मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली और पदोन्नति प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बहस तेज हो गई है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) 2012 बैच के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर अपने साथ हुए कथित अन्याय, भेदभाव और संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन की बात कही है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि नियमों के बावजूद उन्हें जानबूझकर पदोन्नति से वंचित किया गया। आईपीएस अधिकारी धर्मेंद्र सिंह छवई वर्तमान में कवर्धा जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने अपने पत्र में बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी की गई पदोन्नति सूचियों में उनके नाम पर विचार किया गया, लेकिन उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई। इन सूचियों की तिथियां 10 अक्टूबर 2024, 31 दिसंबर 2024, 26 मई 2025 और 31 जुलाई 2025 बताई गई हैं। विभागीय स्तर पर उन्हें पदोन्नति से वंचित किए जाने का कारण यह बताया गया कि उनके विरुद्ध लोकायुक्त संगठन, भोपाल में जांच लंबित है। हालांकि, अधिकारी का कहना है कि उनके मामले में न तो कोई चार्जशीट जारी हुई है और न ही उनके खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही चल रही है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित नहीं है और वे निलंबित भी नहीं हैं।

इसके बावजूद उन्हें वरिष्ठ वेतनमान और उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नति से वंचित रखा गया, जो नियमों के विपरीत है। अपने पत्र में आईपीएस अधिकारी ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 15 जनवरी 1999 को जारी पदोन्नति संबंधी नियमों का हवाला दिया है। उन्होंने उल्लेख किया है कि इन नियमों के अनुसार यदि कोई अधिकारी निलंबित नहीं है, उसके विरुद्ध आरोप पत्र जारी नहीं हुआ है और न्यायालय में आपराधिक मामला लंबित नहीं है, तो उसे पदोन्नति से वंचित नहीं किया जा सकता।

इसके बावजूद उनके मामले में नियमों की अनदेखी की गई। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया है कि उनसे कहीं अधिक गंभीर आरोपों का सामना कर रहे कई अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज हैं और जिन मामलों में न्यायालय से अंतिम रिपोर्ट तक नहीं आई है, उन्हें भी पदोन्नति प्रदान की गई। ऐसे में समान परिस्थितियों में उनके साथ भेदभाव किया जाना न्यायसंगत नहीं है।

### समान अवसर के अधिकार का उल्लंघन



पत्र में आईपीएस अधिकारी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-16 का उल्लेख करते हुए कहा है कि यह समान अवसर के अधिकार की गारंटी देता है। उन्होंने इसे इस अधिकार का खुला उल्लंघन बताया है। अधिकारी का कहना है कि समान परिस्थितियों वाले अधिकारियों को पदोन्नति दी गई, जबकि उन्हें इससे वंचित रखा गया, जिससे उनका मनोबल आहत हुआ है और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। यह मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। प्रशासनिक और पुलिस महकमे में इस मुद्दे को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल एक अधिकारी के साथ अन्याय का मामला है, बल्कि पूरी पदोन्नति व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार इस मामले में क्या रुख अपनाती है और क्या पदोन्नति प्रक्रिया की समीक्षा कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाता है। साथ ही, यह भी सवाल है कि क्या एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को उसके संवैधानिक अधिकार और सम्मान मिल पाएगा या नहीं। फिलहाल, यह मामला पुलिस विभाग और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**अपराध:** लैपटॉप, कैमरा, दस्तावेज सहित अन्य कीमती सामान गायब

# ग्राम राम्हेपुर के सरकारी स्कूल में अज्ञात चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ती चोरी चकारी के बीच अज्ञात चोरों ने फिर चोरी की एक वारदात को अंजाम दिया है। इस बार अज्ञात चोरों ने सरकारी स्कूल को निशाना बना है और स्कूल में रखे कीमती सामान को लेकर चंपत हो गए। स्कूल प्रशासन को घटना की जानकारी होने पर मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर स्थित शासकीय हाई स्कूल में मंगलवार-बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर स्कूल का मुख्य ताला तोड़कर भीतर घुसे और वहां से लैपटॉप, कैमरा, डीबीआर (डीवीआर) सहित अन्य कीमती सामान लेकर चंपत हो गए। बताया जाता है कि चोरों ने स्कूल कार्यालय में रखी आलमारी को भी खंगाल डाला, जिसमें रखे महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज भी गायब बताए जा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन को घटना की जानकारी सुबह स्कूल खुलने पर मिली, जिसके बाद प्राचार्य द्वारा पोंड़ी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्कूल परिसर का मुआयना किया। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है तथा चोरों की तलाश और मामले की छानबीन जारी है। लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### जिले से एक के बाद एक सामने आ रही चोरी की वारदातें



यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिन पूर्व ही अज्ञात चोरों ने चौकी दामापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जैतपुरी के दो ग्रामीणों के मकान में दबिस देकर सोना चांदी के जेवर तथा अन्य कीमती सामान पार कर दिया था। जबकि इससे पूर्व इसी गांव में अज्ञात चोरों ने दो ग्रामीणों की सायकल भी पार की थी। लेकिन रिपोर्ट के बाद भी अभी तक अज्ञात चोरों का कोई अतापता नहीं चल पाया है। जिले में लगातार हो रही इस तरह चोरी की घटनाएं निश्चित रूप से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते नजर आ रही है।

# संघर्ष, संकल्प और सफलता की मिसाल बने वनांचल के युवा पवन कुमार

- तमाम मुस्किलों के बाद सीआरपीएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी



कहते हैं हालात चाहे कितने भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो मंजिल खुद रास्ता बना लेती है। वनांचल क्षेत्र के छोटे से गांव धवाईपानी के निवासी पवन कुमार ने इस कहावत को सच कर दिखाया है। सीमित संसाधनों, असफलताओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में चयन पाकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पवन कुमार, पिता अजब सिंह एवं माता गंगा बाई, ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शासकीय स्कूल राजाधार एवं चिल्फी से प्राप्त की। 12वीं की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद उन्होंने भारतीय सेना में जाने का सपना देखा और गांव में रहकर ही कड़ी शारीरिक तैयारी शुरू की। रोजाना 10 किलोमीटर दौड़, कठिन अभ्यास और अनुशासित दिनचर्या उनकी पहचान बन गई। हालांकि सेना की भर्ती प्रक्रिया के दौरान मेडिकल परीक्षण में असफलता ने उनके सपनों को गहरा आघात पहुंचाया। इसके बाद उम्र सीमा और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वे मानसिक रूप से भी टूट गए। बावजूद इसके, उन्होंने हार नहीं मानी। कुछ समय विश्राम के बाद उन्होंने खुद को दोबारा संभाला और एसएससी, जीडी की तैयारी शुरू की। इस दौरान वे दो बार असफल हुए, लेकिन असफलताओं को सीख मानते हुए उन्होंने तैयारी जारी रखी। सीमित साधनों में खुद की मेहनत, मोटिवेशन और अटूट आत्मविश्वास के सहारे उन्होंने अभ्यास जारी रखा। अंततः उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने एसएससी, जीडी की लिखित परीक्षा, मेडिकल एवं शारीरिक परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर सीआरपीएफ में चयन प्राप्त किया। पवन कुमार की यह सफलता आज वनांचल क्षेत्र के उन सैकड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों को अधूरा छोड़ देते हैं।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना ने अब तक किसानों के खाते में 39.84 करोड़ रुपए किया हस्तांतरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा गन्ना किसानों को 7.95 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। अब तक कारखाना किसानों को कुल 39.84 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुका है। यह राशि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से जारी की गई है। कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को लगातार भुगतान किया जा रहा है, जिससे सहकारी व्यवस्था पर किसानों का भरोसा और मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि नियमित भुगतान से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और साथ ही कारखाने का संचालन भी बेहतर तरीके से हो पा रहा है। कारखाना प्रबंधन ने कहा कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना अपनी स्थापना से ही क्षेत्र के गन्ना किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति का सशक्त माध्यम रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और किसानों के सहयोग से कारखाना निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

### पेराई और उत्पादन में लगातार प्रगति

कारखाना प्रबंधन ने पेराई सत्र की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 1 लाख 96 हजार 10 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है। इससे 2 लाख 24 हजार 157 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह सफलता किसानों के सहयोग, प्रशासन के मार्गदर्शन और कारखाने की अच्छी कार्यप्रणाली का परिणाम है।

### सहकारिता को मजबूत करने की अपील

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन ने शेयरधारक सदस्य किसानों एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की है। प्रबंधन ने इसे सहकारिता को मजबूत करने और किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का साझा अवसर बताया है। विगत पेराई सत्र 2024-25 एवं वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में सर्वे अनुमान के अनुरूप गन्ना आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण कारखाने की पेराई क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो सका, जिससे पेराई अवधि प्रभावित हुई। उन्होनें बताया कि पर्याप्त गन्ना आपूर्ति होने से पेराई अवधि बढ़ेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को आगे भी समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# टीचर्स एसोसिएशन द्वारा सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर शिक्षक संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर 30 जनवरी 2026 को अपरान्ह 4.15 बजे कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में शामिल प्रमुख मांगों में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में रमेश चन्द्रवंशी एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय दिनांक 23 जनवरी 2026 के तहत पूर्व सेवा की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने का आदेश जारी करना, केंद्र सरकार के समान 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, दस वर्ष के बजाय पांच वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को दस वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल कर पांच वर्ष में क्रमोन्नति देना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए छः माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारम्भ करना तथा मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेना शामिल है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से अपने वाजिब हक व अधिकार का ज्ञापन सौंपने हेतु 30 जनवरी को अपरान्ह 4.15 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय कवर्धा में उपस्थिति का आव्हान किया है।

# नगर पंचायत पांडातराई में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई



नगर पंचायत पाण्डातराई में पूरे उत्सव एवं उमंग के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत भवन में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सभापति रानू पाण्डेय, पार्षद सुशील गुप्ता, अजय गिरी गोस्वामी, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति प्रदीप जायसवाल, संतोष गोयल, देवेंद्र डाहीरे, रामकुमार सोनी, अखिलसोनी, शाहिद पार्षद एवं नगरवासियों की उपस्थित में ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्कूलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।



# 121 पौवा देशी मदिरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पिपरिया पुलिस ने 21.780 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कश्यप के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजेश्वर ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक डोमन बंजारे, प्रधान आरक्षक देवा चंद्रवंशी, आरक्षक हेमंत शर्मा, आरक्षक मंगल पाली एवं आरक्षक संदीप राय की टीम पेट्रोलिंग एवं अवैध गतिविधियों की पतासाजी में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मछली पसरा पिपरिया क्षेत्र में एक व्यक्ति चखना दुकान में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी, जहां एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नागेश्वर यादव पिता हीराराम यादव, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 02 पिपरिया, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से विभिन्न ब्रांड की कुल 121 पौवा देशी मदिरा बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 21.780 बल्क लीटर पाई गई। साथ ही शराब बिक्री से प्राप्त 300 रुपए नगद भी जब्त किए गए। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 10,780 रुपए बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राजेश्वर ठाकुर, सउनि डोमन बंजारे, प्रधान आरक्षक देवा चंद्रवंशी, आरक्षक हेमंत शर्मा, आरक्षक मंगल पाली एवं आरक्षक संदीप राय का विशेष योगदान रहा।

ग्राम चतरी की पुरूष टीम और कड़मा की महिला टीम ने मारी बाजी, किए गए पुरस्कृत

# ग्राम मलकछरा में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान



जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मलकछरा में खेलकूद और उत्साह का तीन दिवसीय महाकुंभ कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के साथ संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनपद सदस्य सुरेश धुर्वे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच श्रीमती शिवकली मानसिंह चेचाम द्वारा की गई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दृष्टि से ऐसे आयोजन के लिए आयोजक समिति की सराहना की। पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग के लिए आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। पुरुष वर्ग के रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेता टीमों को नगद पुरस्कारों से नवाजा गया। पुरुष वर्ग में प्रथम चतरी की टीम रही जिसे पुरस्कार राशि 15,051, द्वितीय स्थान मदनपुर पुरस्कार राशि 10,051, तृतीय स्थान मलकछरा की टीम पुरस्कार राशि 7,051 एवं चतुर्थ मलकछरा की सी टीम रही जिसे पुरस्कार राशि 5,051 के साथ स्मृति चिन्ह के रूप में शील्ड प्रदान किया गया। वहीं महिला खिलाड़ियों ने भी मैदान पर अपना लोहा मनवाया और निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों की तालिका प्रथम स्थान कड़मा की टीम पुरस्कार राशि 5,051 रूपए, द्वितीय स्थान कवर्धा की टीम पुरस्कार राशि 3,051 रूपए तथा तृतीय विचारपुर टीम को पुरस्कार राशिः 2,051 रूपए प्रदान किए गए।

### भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति स्थापना का भूमिपूजन

समापन के अवसर पर ग्रामवासियों के लिए एक और गौरवशाली पल तब आया जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। आयोजक समिति और समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में बिरसा मुंडा मैदान में यह धार्मिक एवं सामाजिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान मलकछरा और आसपास के गांवों से सैकड़ो की संख्या में दर्शक पहुंचे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के सफल संचालन में आयोजक समिति के सदस्यों और ग्रामीण युवाओं का विशेष योगदान रहा।

# प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

थाना तरेगांव जंगल क्षेत्र में प्राणघातक हमले के एक गंभीर मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया जप्त की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 22 जनवरी की सुबह लगभग 04 से 05 बजे के मध्य ग्राम ठाकुरटोला, थाना तरेगांव जंगल में गाली-गलौच की बात को लेकर दुकालसिंह बैगा आयु 50 वर्ष एवं चोखुराम बैगा आयु 40 वर्ष के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी चोखुराम बैगा ने अपने घर में रखी लोहे की टंगिया से दुकालसिंह बैगा के सिर पर कई बार प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को धारा 109 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया है।